# आईबीपीएस-पीओ
# प्रारम्भिक परीक्षा

**Held on : 03-10-2015**

## भाग - I : अंग्रेजी भाषा

**Directions (1-5)**–*In the following sentences, there are two blanks for which options have been given. Choose the most appropriate option.*

**1.** The proposal has been ...... and will be sent to the Cabinet for final ......
(1) designed; process (2) drafted; approval
(3) amend; sanction (4) said; objection
(5) mentioned; figure

**2.** The fake diesel factory was being ......... under the ......... of a dairy.
(1) operated; operation (2) captured; array
(3) functioned; alias (4) run; garb
(5) activated; control

**3.** The moment the staff opened the office, unidentified ........., ......... weapons entered and asked the cashier to hand over the keys to the vault.
(1) miscreants; brandishing (2) object; carrying
(3) persons; had (4) people; associating
(5) man; lifting

**4.** The singer, who has been very ......... about his faith in the party, also ......... at the grand event.
(1) vocal; performed (2) strong; sang
(3) open; dance (4) loud; came
(5) creative; present

**5.** Over the years, the town has ...... popularity as the best ...... for paragliding and pilots from across the world visit it.
(1) acquired; spots (2) claim; one
(3) gained; destination (4) sought; wonder
(5) sent; place

**Directions (6-10)**–*Read these sentences to find out whether there is any grammatical error in them. The error, if any, will be in one part of the sentence. Mark the part with the error as your answer. If there is no error, mark 'No error' as your answer. (Ignore the errors of punctuation, if any.)*

**6.** Many citizens are gravitating/ towards the nation's/ second-largest State because it offer / ample job opportunities.
(1) Many citizens are gravitating
(2) towards the nation's
(3) second-largest State because it offer
(4) ample job opportunities
(5) No error

**7.** Most African nations were largely/ shielded from the 2008 financial crisis/by China's insatiable demand/ for natural resources.
(1) Most African nations were largely
(2) shielded from the 2008 financial crisis
(3) by China's insatiable demand
(4) for natural resources
(5) No error

**8.** Skeptics worries that the devaluation/of the country's currency is/a desperate move to/ bail out struggling exporters.
(1) Skeptics worries that the devaluation
(2) of the country's currency is
(3) a desperate move to
(4) bail out struggling exporters
(5) No error

**9.** Consumers are constantly been/ encouraged to take/ advantage of the/ lowered interest rates.
(1) Consumers are constantly been
(2) encouraged to take
(3) advantage of the
(4) lowered interest rates
(5) No error

**10.** Emerging economies are/ dominating the news/ but for/ all the wrong reasons.
(1) Emerging economies are (2) dominating the news
(3) but for (4) all the wrong reasons
(5) No error

**Directions (11-20)**–*Read the following passage carefully and answer the questions given below it. Certain words/phrases are given in* **bold** *to help you locate them while answering some of the questions.*

Over the past few days alone, the China's Central bank has pumped extra cash into the financial system and cut interest rates. The aim is to **free** more cash for banks to lend and provide a boost for banks seeking to improve the return on their assets. The official data though, suggested that bad loans make up only 1.4% of their balance sheets. How to explain the discrepancy ? One possible answer is that bad loans are a **lagging** indicator *i.e.*, it is only after the economy has struggled for a while that borrowers began to suffer. Looked at this way, China is trying to anticipate problems keeping its banks in good health by sustaining economic growth of nearly 7% year-on-year.

www.majhinaukri.org.in

Another more worrying possibility is that bad loans are worse than official data indicate. This does not look to be the cause for China's biggest banks, which are managed conservatively and largely focus on the county's biggest value and quality borrowers. But, there is **mounting** evidence that when it comes to smaller banks, especially those yet to list on the stock market, bad loans piling up. That is important because unlisted lenders account for just over a third of the Chinese banking sector, making them as big as Japan's entire banking industry.

Although, non-performing loans have edged up slowly, the increase in special-mention loans (a category that includes those overdue but not yet classified as impaired loans) has been much bigger. Special mention loans are about 2% at most of China's big listed banks, suggesting that such loans must be much higher at their smaller, unlisted peers. Many of these loans are simple bad debts which banks have not yet admitted to. Another troubling fact is that fifteen years ago, the government created asset management companies (often referred to as bad banks) to take on the non-performing loans of the lenders. After the initial transfer these companies had little to pay. But, last year, Cinda, the biggest of the bad banks, bought nearly 150 billion Yuan ($ 24 billion) of distressed assets last year, two-thirds more than in 2013.

These assets would have raised the banks bad-loans ratio by a few tenths of a percentage point. Although such numbers do not seem very alarming, experts who reviewed last year's results for 158 banks, of which only 20 are listed found that 'shadow loans', loans recorded as investments which may be a disguise for bad loans have grown to as much as 5.7 billion Yuan, or 5% of the industry's assets. These are heavily concentrated on the balance sheets of smaller-unlisted banks, and at the very least, all this **points** to a need for recapitalisation of small banks.

**11.** Choose the word which is most nearly the **same** in meaning to the word **'LAGGING'** given in **bold** as used in the passage.
(1) Delayed (2) Breaking
(3) Stopping (4) Protecting
(5) Tying

**12.** Choose the word which is **opposite** in meaning to the word **'FREE'** given in **bold** as used in the passage.
(1) Expensive (2) Secret
(3) Complimentary (4) Restrict
(5) Charged

**13.** According to the passage, which of the following can be said about China's large banks ?
A. These are cautiously run.
B. Their clients are mainly high value.
C. 2% of their loans have been classified as overdue but not impaired.
(1) Only B (2) Only A
(3) All A, B and C (4) A and C
(5) B and C

**14.** Which of the following is the central idea of the passage ?
(1) Small banks should be permitted to become listed on the stock exchange.
(2) The government should do away with asset management companies.
(3) China's financial crisis is not as serious as it is being made out to be.
(4) China's Central bank has failed to predict and stop the decline of its banks.
(5) There is trouble brewing in China's small unlisted banks.

**15.** Choose the word which is most nearly the **same** in meaning to the word **'POINTS'** given in **bold** as used in the passage.
(1) Peaks (2) Moments
(3) Arguments (4) Indicates
(5) Plugs

**16.** Which of the following is true in the context of the passage ?
(1) China has not implemented any resources to help its banking sector in recent times.
(2) Approximately 32% of China's banking sector is unlisted.
(3) China's stock market has plummeted in recent times.
(4) Japan's banking industry is experiencing a boom unlike that of China.
(5) None of the given options is true in the context of the passage.

**17.** What does the example of the Cinda convey ?
(1) Many of the loans given by China's banks are in trouble.
(2) Many such large Chinese asset management companies are failing.
(3) China's economy is overly dependent on large banks.
(4) China is the ideal destination for small banks to flourish.
(5) Such companies have become obsolete.

**18.** Choose the word which is **opposite** in meaning to the word **'MOUNTING'** given in **bold** as used in the passage.
(1) Melting (2) Accumulating
(3) Removing (4) Submerging
(5) Decreasing

**19.** Which of the following best describes experts' findings regarding shadow loans ?
(1) Shadow loans have been steadily falling and are negligible at present.
(2) These are growing substantially and indicate the need for reform of small banks.
(3) Shadow loans are unfairly being passed onto asset management companies.
(4) These loans are inconsequential for the health of banks.
(5) The findings are faulty as if only includes few listed banks.

**20.** What is the author's view regarding small banks ?
(1) These have a better loan portfolio than large banks.
(2) These are a good health helping to sustain economic growth of 7%.
(3) These should be merged with large banks to bail them out of trouble.
(4) Regulations governing these banks should be relaxed.
(5) Other than those given as options

**Directions (21-25)**–*Rearrange the given six sentences/ group of sentences A, B, C, D, E and F in a proper sequence so as to form a meaningful paragraph and then answer the given questions.*

A. Global investors are quaking over the prospect of a devastating stump in the world's second biggest economy.
B. A possible answer could be that the country's troubles raise doubts about whether its policymakers have the tools to keep their economy growing at a healthy place something that has been a constant reassurance for more than two decades.

www.majhinaukri.org.in

C. And they are fast losing confidence that the country's policymakers, seemingly so sure-footed in the past know how to solve the problem.

D. However, such a domino effect is significant but hardly catastrophic so why the hysteria ?

E. China is exporting something new to the world economy Fear ?

F. Apart from the shrinking confidence, the biggest fear is that a collapsing Chinese economy would derail others around the world – from emerging markets in Chile and Indonesia to industrial powers such as the United States.

**21.** Which of the following should be the **SECOND** sentence after rearrangement ?

(1) A (2) B (3) F
(4) D (5) E

**22.** Which of the following should be the **FIRST** sentence after rearrangement ?

(1) A (2) C (3) B
(4) F (5) E

**23.** Which of the following should be the **SIXTH (LAST)** sentence after rearrangement ?

(1) E (2) D (3) A
(4) B (5) F

**24.** Which of the following should be the **FIFTH** sentence after rearrangement ?

(1) A (2) D (3) E
(4) F (5) C

**25.** Which of the following should be the **FOURTH** sentence after rearrangement ?

(1) A (2) B (3) C
(4) F (5) D

**Directions (26-30)**–*In the following passage, there are blanks, each of which has been numbered. Against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.*

Primary school enrolment in India has been a success story. **...26...** due to various programmes and drives to increase enrolment even in remote areas. With enrolment reaching at least 96% since 2009 and girls **...27...** up 56% of new students between 2007 and 2013, it is clear that many **...28...** of access to schooling have been **...29...**. Improvement in infrastructure has been the **...30...** behind achieving this and now in India 98% habitations have a primary school within 1 km and 92% have an upper primary school within a 3 km walking distance.

**26.** (1) Mostly (2) Properly
(3) Totally (4) Optionally
(5) Largely

**27.** (1) coming (2) reaching
(3) counting (4) making
(5) touching

**28.** (1) issue (2) opportunities
(3) problems (4) efforts
(5) exertions

**29.** (1) accustomed (2) addressed
(3) met (4) forwarded
(5) dissolved

**30.** (1) main (2) effort
(3) force (4) compulsion
(5) awareness

## भाग - II : परिमाणात्मक अभिरुचि

**निर्देश (31-35)**—*निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**पाँच वर्षों के दौरान राज्यों से एक प्रतियोगी परीक्षा में शामिल तथा सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या से संबंधित डाटा**

| वर्ष | राज्य P | | राज्य Q | |
|---|---|---|---|---|
| | शामिल हुए अभ्यर्थियों की संख्या | शामिल अभ्यर्थियों में से सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या | शामिल हुए अभ्यर्थियों की संख्या | शामिल अभ्यर्थियों में से सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या |
| 2006 | 450 | 60% | — | 30% |
| 2007 | 600 | 43% | — | 45% |
| 2008 | — | 60% | 280 | 60% |
| 2009 | 480 | 70% | 550 | 50% |
| 2010 | 380 | — | 400 | — |

**नोट** : तालिका में कुछ मान नहीं दिए गए हैं (– द्वारा प्रदर्शित)। अभ्यर्थी से न दिए गए मानों की गणना अपेक्षित है यदि किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए इनकी आवश्यकता पड़े। यह गणना दिए डाटा और जानकारी के आधार पर होगी।

**31.** वर्ष 2008 में राज्य P से सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या में पुरुषों तथा महिलाओं का अनुपात क्रमशः 11 : 7 है। यदि वर्ष 2008 में राज्य P से सफल हुई महिला अभ्यर्थियों की संख्या 126 है, तो वर्ष 2008 में राज्य P से शामिल हुए अभ्यर्थियों की संख्या (पुरुष एवं महिला दोनों) क्या है?

(1) 630 (2) 510 (3) 570
(4) 690 (5) 540

**32.** वर्ष 2006 से 2007 तक राज्य Q से शामिल हुए अभ्यर्थियों की संख्या में 100% की वृद्धि हुई। यदि राज्य Q से वर्ष 2006 और 2007 दोनों वर्षों में सफल हुए अभ्यर्थियों की कुल संख्या 408 है, तो वर्ष 2006 में राज्य Q से शामिल हुए अभ्यर्थियों की संख्या क्या है?

(1) 380 (2) 360 (3) 340
(4) 320 (5) 300

**33.** राज्य P से वर्ष 2006 और 2007 में सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या में क्या अंतर है?

(1) 12 (2) 22 (3) 14
(4) 24 (5) 16

**34.** यदि वर्ष 2008, 2009 और 2010 में राज्य Q से सफल हुए अभ्यर्थियों की औसत संख्या 210 है, तो वर्ष 2010 में राज्य Q से सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या क्या है?

(1) 191 (2) 195 (3) 183
(4) 187 (5) 179

www.majhinaukri.org.in

**35.** यदि वर्ष 2009 और 2010 में राज्य P से सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या में क्रमशः 14 : 9 अनुपात है, तो वर्ष 2010 में राज्य P से सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या क्या है?

(1) 252 (2) 207 (3) 216
(4) 234 (5) 198

**निर्देश (36-40)**—*निम्नलिखित प्रश्नों में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या मान आएगा?*

**36.** $\sqrt{575} \div ? \times 14.98^2 = 450$

(1) 15 (2) 10 (3) 7
(4) 4 (5) 12

**37.** $30.01^2 - 19.98^2 - ? = 21.81^2$

(1) 49 (2) 50 (3) 16
(4) 39 (5) 41

**38.** $820.15 + 2379.85 + 140.01 \times 4.99 = ?$

(1) 4400 (2) 3900 (3) 3000
(4) 4000 (5) 4300

**39.** 649.8 का $39.97\% \div 13.05 = 45.12 - ?$


(1) 40 (2) 15 (3) 25
(4) 10 (5) 30

**40.** $(674.87 + 59.98) \div 35.02 = ?$

(1) 29 (2) 27 (3) 19
(4) 21 (5) 11

**निर्देश (41-45)**—*निम्नलिखित ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**ट्रेन A और B द्वारा छह अलग-अलग दिनों में देहरादून से अल्मोड़ा की यात्रा करने वाले व्यक्तियों की संख्या**




| | शनिवार | रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ट्रेन A | 350 | 270 | 240 | 210 | 140 | 230 |
| ट्रेन B | 320 | 310 | 200 | 170 | 120 | 200 |

**41.** ट्रेन B द्वारा शुक्रवार को यात्रा करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या इसी ट्रेन से गुरुवार को यात्रा करने वाले व्यक्तियों से 20% अधिक है। शुक्रवार को यात्रा करने वाले व्यक्तियों की संख्या और शनिवार को इसी ट्रेन से यात्रा करने वालों के बीच क्रमशः क्या अनुपात है?

(1) 4 : 5 (2) 3 : 4 (3) 5 : 6
(4) 3 : 5 (5) 1 : 4

**42.** सोमवार और मंगलवार को ट्रेन B द्वारा यात्रा करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या तथा शनिवार और रविवार को ट्रेन A द्वारा यात्रा करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या में क्या अंतर है?

(1) 200 (2) 230 (3) 210
(4) 250 (5) 240

**43.** सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को ट्रेन A द्वारा यात्रा करने वाले व्यक्तियों की औसत संख्या क्या है?

(1) 220 (2) 190 (3) 205
(4) 195 (5) 210

**44.** ट्रेन A से यात्रा करने वाले व्यक्तियों की संख्या में शनिवार से मंगलवार के बीच कितने प्रतिशत की कमी आई?

(1) 35% (2) 40% (3) 30%
(4) 42% (5) 33%

**45.** रविवार को दोनों ट्रेनों द्वारा यात्रा करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या बुधवार को दोनों ट्रेनों से यात्रा करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या से लगभग कितने प्रतिशत अधिक है?

(1) 128% (2) 123% (3) 142%
(4) 118% (5) 135%

**46.** ₹ 6,100/- की धनराशि में से कुछ राशि को योजना-A में 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर दो वर्षों के लिए तथा बाकी बची राशि को योजना-B में 10% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर चार वर्षों के लिए निवेश किया गया। दोनों योजनाओं पर ब्याज दर समान हैं। योजना-A में कितनी राशि निवेश की गई?

(1) ₹ 3,750/- (2) ₹ 4,500/- (3) ₹ 4,000/-
(4) ₹ 3,250/- (5) ₹ 5,000/-

**47.** A ने ₹ 1,200/- में एक निश्चित मात्रा में संतरे खरीदे। उसने इन संतरों में से एक-तिहाई 20% हानि से बेच दिए। यदि A ने कुल 10% लाभ अर्जित किया, तो बाकी बचे संतरों के लिए A ने क्या प्रतिशत लाभ निश्चित किया था?

(1) 16% (2) 15% (3) 22%
(4) 25% (5) 20%

**48.** बॉब की वर्तमान आयु एबी की आठ वर्ष पहले की आयु के बराबर है। अब से चार वर्षों के बाद बॉब तथा एबी की आयु में क्रमशः 4 : 5 का अनुपात होगा। बॉब की वर्तमान आयु क्या है?

(1) 24 वर्ष (2) 32 वर्ष (3) 40 वर्ष
(4) 20 वर्ष (5) 28 वर्ष

**निर्देश (49-53)**—*निम्नलिखित प्रश्नों में दो समीकरण I और II दी गई हैं। आपको दोनों समीकरणों को हल करके उपयुक्त उत्तर का चुनाव करना है।*

**उत्तर दीजिए—**

(1) यदि $x > y$
(2) यदि $x \geq y$
(3) यदि $x < y$
(4) यदि $x$ और $y$ के मध्य संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता
(5) यदि $x \leq y$

**49.** I. $2x^2 + 19x + 45 = 0$
II. $2y^2 + 11y + 12 = 0$

**50.** I. $3x^2 - 13x + 12 = 0$
II. $2y^2 - 15y + 28 = 0$

**51.** I. $x^2 = 16$
II. $2y^2 - 17y + 36 = 0$

**52.** I. $6x^2 + 19x + 15 = 0$
II. $3y^2 + 11y + 10 = 0$

**53.** I. $2x^2 - 11x + 15 = 0$
II. $2y^2 - 11y + 14 = 0$

www.majhinaukri.org.in

**54.** A ने एक व्यापार आरंभ किया। व्यापार आरंभ होने के चार महीने बाद B और C इस व्यापार में शामिल हो गए। A, B और C के निवेश में क्रमशः 4 : 6 : 5 का अनुपात था। यदि वार्षिक लाभ में A का हिस्सा C के हिस्से से ₹ 250/- अधिक था, तो अर्जित किया गया कुल वार्षिक लाभ कितना था?

(1) ₹ 3,740/-  (2) ₹ 3,910/-
(3) ₹ 4,250/-  (4) ₹ 3,450/-
(5) दिए गए विकल्पों के अलावा कोई अन्य

**55.** एक व्यक्ति को एक निश्चित समय में बिंदु-A से बिंदु-B तक की यात्रा करनी है। 5 किमी/घंटा की गति से यात्रा करने पर वह 48 मिनट देरी से पहुँचता है, जबकि 8 किमी/घंटा की गति से यात्रा करने पर वह 15 मिनट पहले पहुँचता है। बिंदु-A से B के बीच कितनी दूरी है?

(1) 15 किमी  (2) 9 किमी  (3) 12 किमी
(4) 18 किमी  (5) 14 किमी

**56.** 28 पुरुष एक कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं तथा 15 महिलाएँ उसी कार्य को 24 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 30 पुरुषों द्वारा एक दिन में किए गए कार्य की मात्रा तथा 18 महिलाओं द्वारा एक दिन में किए गए कार्य की मात्रा के मध्य क्रमशः क्या अनुपात है?

(1) 4 : 7  (2) 9 : 15
(3) 3 : 5  (4) 2 : 6
(5) दिए गए विकल्पों के अलावा कोई अन्य

**57.** एक बर्तन में 80 ली शुद्ध दूध था, उसमें 18 ली पानी मिलाया गया। इस मिश्रण में से 49 ली बेच दिया गया और 2 : 1 के अनुपात में क्रमशः दूध और पानी की कुछ और मात्रा इसमें मिला दी गई। इस परिणामस्वरूप यदि बर्तन में दूध और पानी का अनुपात क्रमशः 4 : 1 था, तो बर्तन में मिलाई गई दूध की मात्रा क्या थी?

(1) 4 ली  (2) 8 ली  (3) 10 ली
(4) 12 ली  (5) 2 ली

**58.** एक निश्चित राशि को A, B और C में इस प्रकार बाँटा गया कि A को राशि के $\frac{1}{2}$ से ₹ 40/- अधिक प्राप्त हुए, B को राशि के $\frac{3}{8}$ से ₹ 120/- कम प्राप्त हुए तथा C को ₹ 200/- प्राप्त हुए। कुल राशि क्या है?

(1) ₹ 1,100/-  (2) ₹ 850/-
(3) ₹ 960/-  (4) ₹ 1,200/-
(5) दिए गए विकल्पों के अलावा कोई अन्य

**निर्देश (59-63)**—*निम्नलिखित संख्या शृंखलाओं में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?*

**59.** 123 140 106 157 89 ?

(1) 214  (2) 139  (3) 198
(4) 169  (5) 174

**60.** 190 94 46 22 ? 4

(1) 19  (2) 15  (3) 10
(4) 8  (5) 16

**61.** 320 320 314 290 230 ?

(1) 114  (2) 110  (3) 50
(4) 98  (5) 142

**62.** 3 4 9 28 113 ?

(1) 782  (2) 424  (3) 646
(4) 384  (5) 566

**63.** 8 4 6 15 ? 236.25

(1) 64.5  (2) 84  (3) 52.5
(4) 36  (5) 46

**64.** एक बेलन के वक्रीय क्षेत्रफल तथा कुल क्षेत्रफल में क्रमशः 4 : 5 का अनुपात है। यदि बेलन का वक्रीय क्षेत्रफल 1232 वर्ग सेमी है, तो उसकी ऊँचाई क्या है?

(1) 14 सेमी  (2) 28 सेमी  (3) 7 सेमी
(4) 56 सेमी  (5) 24 सेमी

**65.** एक बैग में 3 लाल, 5 पीली तथा 7 गुलाबी गेंद हैं। यदि बैग से एक गेंद यादृच्छिक रूप से निकाली जाती है तो इस बात की क्या प्रायिकता है कि वह गुलाबी या लाल होगी?

(1) $\frac{1}{7}$  (2) $\frac{2}{3}$
(3) $\frac{4}{9}$  (4) $\frac{5}{7}$
(5) दिए गए विकल्पों के अलावा कोई अन्य

## भाग - III : तर्कशक्ति

**निर्देश (66-67)**—*निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन करके उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

R का विवाह U से हुआ है। U, L की माता है। L, D की बहन है। U के केवल एक पुत्री है। D का विवाह J से हुआ है। K, J का पुत्र है। F, J की माता है।

**66.** D का F से क्या संबंध है?

(1) ज्ञात नहीं किया जा सकता  (2) पुत्री
(3) पुत्रवधू  (4) दामाद
(5) पुत्र

**67.** R का K से क्या संबंध है?

(1) ज्ञात नहीं किया जा सकता  (2) ससुर
(3) दादी  (4) दादा
(5) चाचा

**निर्देश (68-72)**—*निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

सात व्यक्तियों P, Q, R, S, T, U और V को सात विभिन्न महीनों (एक ही वर्ष के) यथा; जनवरी, फरवरी, मार्च, जून, अगस्त, अक्टूबर और दिसंबर में एक सेमिनार में भाग लेना है, परंतु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। इनमें से प्रत्येक को एक भिन्न फल यथा, केला, अंगूर, पपीता, संतरा, आम, लीची और सेब पसंद है, परंतु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

R की सेमिनार उस महीने में है, जिसमें 31 से कम दिन होते हैं। केवल दो व्यक्तियों की सेमिनार R और S के बीच में है। वह व्यक्ति जिसे केला पसंद है उसकी सेमिनार S से एकदम पहले है। केवल एक व्यक्ति की सेमिनार उससे पहले है जिसे पपीता पसंद है। Q की सेमिनार उस व्यक्ति के एकदम बाद है जिसे पपीता पसंद है। केवल तीन व्यक्तियों की सेमिनार Q और उस व्यक्ति के बीच है जिसे आम पसंद है। T को न तो आम और न ही पपीता पसंद है। P की सेमिनार T से एकदम पहले है। V को सेब पसंद है। वह व्यक्ति जिसे अंगूर पसंद है उसकी सेमिनार उस महीने में है जिसमें 31 से कम दिन होते हैं। वह व्यक्ति जिसकी सेमिनार मार्च महीने में है उसे संतरा पसंद नहीं है।

**68.** निम्न में से किस महीने में S की सेमिनार है?

(1) जनवरी  (2) ज्ञात नहीं किया जा सकता
(3) अक्टूबर  (4) दिसंबर
(5) जून

www.majhinaukri.org.in

69. निम्न में से कौन उन व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिनकी सेमिनार क्रमशः जनवरी और जून में है?
(1) V, S (2) U, S
(c) Q, T (4) V, R
(5) U, R

70. कितने व्यक्तियों की सेमिनार उन महीनों के बीच है जिनमें V और R की सेमिनार है?
(1) कोई नहीं (2) दो
(3) तीन (4) एक
(5) तीन से अधिक

71. दी गई व्यवस्था के आधार पर एक निश्चित पैटर्न का अनुसरण करते हुए R का संबंध केले से है और Q का संबंध संतरे से है। इसी पैटर्न का अनुसरण करते हुए निम्न में से किसका संबंध V से है?
(1) आम (2) लीची
(3) सेब (4) पपीता
(5) अंगूर

72. U निम्न में से किस फल को पसंद करता है?
(1) संतरा (2) पपीता
(3) आम (4) केला
(5) अंगूर

**निर्देश (73-75)**—*निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

छह इमारतों P, Q, R, S, T और U में से प्रत्येक में विभिन्न संख्या में कार्यालय हैं। S इमारत में केवल T और R से अधिक कार्यालय हैं। Q में P से अधिक परंतु U से कम कार्यालय हैं। इमारत R में सबसे कम कार्यालय नहीं हैं। वह इमारत जिसमें सबसे कम कार्यालय हैं, उसमें पाँच कार्यालय हैं। वह इमारत जिसमें दूसरी सबसे अधिक संख्या में कार्यालय हैं, उसमें 23 कार्यालय हैं। इमारत S में Q से 11 कम कार्यालय हैं।

73. निम्न में से किस इमारत में दूसरी सबसे कम संख्या में कार्यालय हैं?
(1) Q (2) U
(3) R (4) P
(5) T

74. यदि इमारत P में कार्यालयों की संख्या एक सम संख्या है जो 2 तथा 3 से विभाजित है, तो इमारत P में कितने कार्यालय हैं?
(1) 20 (2) 24
(3) 16 (4) 18
(5) 12

75. इमारत R में कार्यालयों की संख्या निम्न में से कौन-सी है?
(1) 25 (2) 12
(3) 13 (4) 14
(5) 11

**निर्देश (76-80)**—*निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं, प्रत्येक पंक्ति में पाँच व्यक्ति हैं। ये सभी इस प्रकार बैठे हैं कि प्रत्येक निकटस्थ व्यक्तियों के बीच समान दूरी है। पहली पंक्ति में J, K, L, M और N बैठे हैं (परंतु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में) और इन सभी के मुख दक्षिण की ओर हैं। दूसरी पंक्ति में V, W, X, Y और Z बैठे हैं (परंतु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में) और इन सभी के मुख उत्तर की ओर हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि बैठने की इस व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुख दूसरी पंक्ति में बैठे अन्य सदस्य की ओर है। Z, W के दाएँ को तीसरे स्थान पर बैठा है। V, Z के बाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। वह व्यक्ति जिसका मुख V की ओर है वह K के एकदम दाएँ बैठा है। K और M के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। J, K का एक निकटतम पड़ोसी नहीं है। J और L के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। न तो K और न ही J का मुख Y की ओर है।

76. निम्न में से किसका मुख N की ओर है?
(1) Y (2) Z
(3) V (4) X
(5) W

77. M के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(1) M का मुख X के निकटतम पड़ोसियों में से किसी एक की ओर है
(2) K, M के निकटतम पड़ोसियों में से एक है
(3) दिए गए कथनों में कोई भी सत्य नहीं है
(4) L, M के एकदम दाएँ को बैठा है
(5) M और N के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है

78. निम्न में से किसका मुख X की ओर है?
(1) K (2) L
(3) M (4) J
(5) N

79. Y के संदर्भ में Z की क्या स्थिति है?
(1) दाएँ को तीसरा (2) दाएँ को दूसरा
(3) एकदम बाएँ (4) एकदम दाएँ
(5) बाएँ को दूसरा

80. दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार एक-समान हैं और अपना एक समूह बनाते हैं। इनमें से कौन इस समूह में नहीं आता है?
(1) M (2) J
(3) N (4) W
(5) Y

**निर्देश (81-85)**—*निम्नलिखित प्रश्नों में दो/तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष (I और II) दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों और फिर तय कीजिए कि दोनों निष्कर्षों में से कौन दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।*

**उत्तर दीजिए–**
(1) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(2) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(3) यदि दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(4) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
(5) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

81. **कथन** : सभी रेस स्प्रिंट हैं। (2)
कुछ रेस प्रतियोगिताएँ हैं।
**निष्कर्ष** : **I.** कुछ प्रतियोगिताएँ स्प्रिंट हैं।
**II.** सभी प्रतियोगिताएँ स्प्रिंट हैं।

82. **कथन** : कोई बैंक एक लॉकर नहीं है। (1)
सभी बैंक स्टोर हैं।
कोई स्टोर एक पैनल नहीं है।
**निष्कर्ष** : **I.** कोई स्टोर एक लॉकर नहीं है।
**II.** कोई पैनल एक बैंक नहीं है।

83. **कथन** : कुछ स्ट्राइक हिट हैं। (2)
कोई स्ट्राइक एक रेड नहीं है।
सभी अटैक रेड हैं।
**निष्कर्ष** : **I.** कुछ हिट निश्चित रूप से रेड नहीं हैं।
**II.** सभी हिट्स के स्ट्राइक होने की एक संभावना है।

www.majhinaukri.org.in

84. **कथन** : कुछ समीकरण सूत्र हैं। (2)
सभी समीकरण पद हैं।
सभी पद चिह्न हैं।
**निष्कर्ष** : **I.** सभी समीकरण चिह्न हैं।
**II.** कोई चिह्न एक सूत्र नहीं है।

85. **कथन** : कुछ स्ट्राइक हिट हैं। (3)
कोई स्ट्राइक एक रेड नहीं है।
सभी अटैक रेड हैं।
**निष्कर्ष** : **I.** कोई अटैक एक स्ट्राइक नहीं है।
**II.** सभी अटैक्स के हिट होने की एक संभावना है।

**निर्देश (86-90)**—*निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

एक निश्चित कूट भाषा में,
'festival for women only' को 'pa ge bo xu' लिखा गया है।
'provide peace to women' को 'wr dl nj ge' लिखा गया है।
'women like to celebrate' को 'ge ct fx wr' लिखा गया है।
'celebrate peace in festival' को 'dl bo sv ct' लिखा गया है।
(सभी द्वि-अक्षरीय कूट हैं)

86. दी गई कूट भाषा में 'provide idea' के लिए संभावित कोड क्या हो सकता है?
(1) fk hy (2) xu bo
(3) hy nj (4) nj xu
(5) wr fx

87. दी गई कूट भाषा में 'celebrate' के लिए क्या कोड है?
(1) sv (2) wr (3) ct
(4) dl (5) fx

88. दी गई कूट भाषा में कोड 'pa' का क्या अर्थ है?
(1) peace (2) for या only
(3) women या to (4) celebrate
(5) festival

89. दी गई कूट भाषा में 'women' के लिए क्या कोड है?
(1) bo
(2) xu
(3) ct
(4) दिए गए विकल्पों के अलावा कोई अन्य
(5) ge

90. दी गई कूट भाषा में यदि 'peace to mind' को 'zg wr dl' लिखा गया है तो 'mind in festival' के लिए क्या कोड होगा?
(1) zg bo dl (2) dl zg sv
(3) bo sv zg (4) zg nj wr
(5) sv wr bo

**निर्देश (91-95)**—*निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए कथनों में विभिन्न तत्वों के मध्य संबंध दर्शाए गए हैं। कथनों के बाद निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों पर आधारित निष्कर्षों का अध्ययन करके उपयुक्त उत्तर का चुनाव कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**—
(1) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है
(2) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है
(3) यदि दोनों निष्कर्ष सत्य हैं
(4) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है
(5) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है

91. **कथन** : $S \le L \le I = P \ge E > R; L > Q$ (3)
**निष्कर्ष** : **I.** $P \ge S$
**II.** $I > R$

92. **कथन** : $G > R \ge E = A \le T \le S; D \le A \le J$ (2)
**निष्कर्ष** : **I.** $T \ge D$
**II.** $R > S$

93. **कथन** : $A \ge B > C \le D \le E < F$ (1)
**निष्कर्ष** : **I.** $A \ge E$
**II.** $C < F$

94. **कथन** : $G > R \ge E = A \le T \le S; D \le A \le J$ (4)
**निष्कर्ष** : **I.** $J > G$
**II.** $J = G$

95. **कथन** : $S \le L \le I = P \ge E > R; L > Q$ (5)
**निष्कर्ष** : **I.** $L < R$
**II.** $E \ge Q$

**निर्देश (96-100)**—*निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

J, K, L, M, N, O, P, Q, R और S एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं, परंतु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। प्रत्येक के बीच में समान दूरी है। इनमें से प्रत्येक M से या किसी अन्य से किसी एक प्रकार से संबंधित है। Q और L के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, Q के बाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है।
L और M की बहन के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M का पुत्र M की बहन के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। M के पुत्र और S के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। J, R के एकदम दाएँ बैठा है। R, M का न तो पुत्र और न ही माता है। S, M की माता का निकटतम पड़ोसी है। M की माता और M के भाई के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M की पुत्री M के भाई के बाएँ को दूसरे स्थान पर बैठी है। M के पिता M के निकटतम पड़ोसियों में से एक नहीं हैं। M की पत्नी K के दाएँ को तीसरे स्थान पर बैठी है।

96. निम्न में से कौन R के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है?
(1) M का भाई (2) M
(3) R (4) K
(5) M की पुत्री

97. यदि L के बाएँ से गणना की जाए, तो K और L के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(1) छह (2) एक
(3) कोई नहीं (4) दो
(5) चार

98. दी गई जानकारी के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(1) R, M की पत्नी के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है
(2) K, R का एक निकटतम पड़ोसी है
(3) M, L के बाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है
(4) दिए गए सभी विकल्प सत्य हैं
(5) S, L की पुत्री है।

99. K का R से क्या संबंध है?
(1) दामाद (2) चाचा
(3) भतीजी/भाँजी (4) भाई
(5) पुत्री

100. निम्न में से कौन M की पत्नी है?
(1) N (2) L
(3) O (4) Q
(5) J

www.majhinaukri.org.in